CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 353 ▫ रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## नेशनल पार्क के जंगलों में रुक-रुक कर फायरिंग जारी

# टॉप कमांडर पापा राव समेत 2 नक्सली ढेर

**बीजापुर,** 17 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. सूत्रों के मुताबिक, इस मुठभेड़ में माओवादी कमांडर पापा राव ढेर हो गया. इसके साथ ही जवानों ने एक अन्य नक्सली को मार गिराया है. वहीं घटनास्थल से दो एके-47 राइफल भी बरामद किए गए हैं. एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि अभी मुठभेड़ जारी है. बता दें कि नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी जवानों ने ऑपरेशन लांच किया।

बीजापुर में तीन अलग-अलग जगहों पर माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है. जानकारी के मुताबिक, माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी, जिसकेबाद् संयुक्त सुरक्षा बल ने बीजापुर जिले के उत्तर-पश्चिमी वन और पहाड़ी क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया. इसी दौरान उनका नक्सलियों से सामना हो गया। मुठभेड़ अभी भी जारी हैज् वहीं



**दो एके-47 राइफल बरामद, मुठभेड़ जारी**

सुरक्षाबलों द्वारा इलाके की घेराबंदी कर दी गई है. मारे गए नक्सलियों के शवों को बरामद करने और अन्य नक्सलियों की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। बता दें कि आज सुबह से ही सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है. एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि अभी मुठभेड़ जारी है।

### 3 जनवरी को मारे गए 16 नक्सली

3 जनवरी को बीजापुर सहित सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे गए थे। इससे पहले पिछले साल छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 285 नक्सली मारे गए थे। केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च की समय सीमा तय की है।

# छत्तीसगढ़ में अब विवाह पंजीयन हुआ अनिवार्य

**रायपुर,** 17 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में अब सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है. इस संबंध में विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है. यह नियम उन सभी दंपतियों पर प्रभावी होगा, जिनका विवाह 29 जनवरी 2016 या उसके बाद संपन्न हुआ है.

जारी अधिसूचना के अनुसार, 'छत्तीसगढ़ आनंद विवाह पंजीयन नियम, 2016' की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अब विवाह का पंजीकरण कराना कानूनी रूप से जरूरी होगा. राजपत्र के मुताबिक, विवाहों के सुचारू पंजीकरण के लिए उन अधिकारियों को अधिकृत किया गया है जो 'छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006' के तहत पहले से कार्यरत हैं. सरकार के इस कदम के पीछे कई सामाजिक और कानूनी कारण हैं. अनिवार्य पंजीकरण से न केवल बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर लगाम लगेगी, बल्कि फर्जी विवाहों के मामलों में भी कमी आएगी. इसका सबसे बड़ा लाभ महिलाओं को मिलेगा, क्योंकि विवाह का आधिकारिक प्रमाण होने से उनके कानूनी अधिकारों को मजबूती मिलेगी. विवाह प्रमाणपत्र होने से भविष्य में संपत्ति विवाद, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और वैवाहिक विवादों जैसे कानूनी मामलों में जटिलताएं कम होंगी. यह दस्तावेज सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और पासपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण कागजात बनवाने में भी सहायक सिद्ध होगा. अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर ही पंजीकरण कराना अनिवार्य है. ऐसे में प्रदेश के नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने विवाह का पंजीकरण जल्द से जल्द संबंधित अधिकृत कार्यालय में करा लें ताकि किसी भी कानूनी असुविधा से बचा जा सके.



**सरकार का बड़ा फैसला**

## ब्रेकिंग न्यूज

### इंदौर ओडीआई से पहले महाकाल की शरण में विराट कोहली



**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (न्यूज चैनल)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज का अंतिम और बेहद महत्वपूर्ण मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। इस निर्णायक मैच के लिए भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है और इंदौर पहुंच चुकी है। मैदान पर पसीना बहाने के साथ-साथ खिलाड़ी आध्यात्मिक शांति के लिए बाबा महाकाल की शरण में भी पहुंच रहे हैं। टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के बाद अब दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में माथा टेका। शनिवार की सुबह विराट कोहली और कुलदीप यादव ने मंदिर में विशेष हाजिरी लगाई। दोनों खिलाड़ी सुबह 4 बजे होने वाली प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल हुए।




**चूहा- सुनती हो, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने अपना नोबेल पुरस्कार डोनाल्ड ट्रंप को दे दिया।**
**चुहिया- हां जी, ऐसी चाटुकारिता से सम्मान नहीं मिल सकता।**

### ज़हरीले पानी के पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बोले- आपके न्याय के लिए लड़ेंगे

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे और शहर में कथित तौर पर दूषित पानी के संकट के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मुलाकात की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इंदौर के बॉम्बे अस्पताल का भी दौरा किया और दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और उनके परिवारों से मुलाकात की, जिनका वहां इलाज चल रहा है। कांग्रेस नेता का यह दौरा प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने और जमीनी हालात को समझने के उद्देश्य से किया गया है। गांधी ने दूषित पानी की घटना से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए भागीरथपुरा इलाके का भी दौरा किया। कांग्रेस ने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी इंदौर पहुंच गए हैं। यहां वे दूषित पानी से बीमार हुए लोगों और भागीरथपुरा इलाके के प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने का आरोप लगाया।

## नया सैलरी स्ट्रक्चर लागू होने से पहले बढ़ जाएगा 70 प्रतिशत डीए

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (हाईवे चैनल)। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए वेतन वृद्धि को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ताजा आर्थिक अनुमानों और जानकारों की मानें तो 8वें वेतन आयोग के अमल में आने से पहले महंगाई भत्ते में जबरदस्त उछाल देखने को मिल सकता है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि नया सैलरी स्ट्रक्र लागू होने तक कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 70 प्रतिशत के बड़े आंकड़े को पार कर सकता है। फिलहाल जनवरी 2026 तक डीए के 60 प्रतिशत के करीब पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें समय-समय पर होने वाली बढ़ोतरी इसे और ऊपर ले जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का सीधा असर कर्मचारियों की जेब पर पड़ेगा। वर्तमान स्थिति को देखें तो जुलाई 2025 में डीए 58 प्रतिशत था, और अब जनवरी 2026 की छमाही के लिए इसमें 3 से 5 प्रतिशत तक के इजाफे की संभावना है। चूंकि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पूरी तरह लागू होने में अभी 2027 के मध्य तक का समय लग सकता है, तब तक मिलने वाली दो-तीन अतिरिक्त वृद्धियां महंगाई भत्ते को 70 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा देंगी। जनवरी 2026 की बढ़ोतरी का आधिकारिक ऐलान होली के आसपास होने की उम्मीद है, लेकिन इसे पहली जनवरी से ही लागू माना जाएगा और पिछला बकाया (एरियर) भी दिया जाएगा।

**8वें वेतन आयोग को लेकर आई अपडेट**

वेतन में इस बड़े बदलाव के पीछे मर्जर और फिटमेंट फैक्टर का अहम रोल होगा। जब महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से ऊपर निकल जाता है, तो अक्सर इसे मूल वेतन (बेसिक सैलरी) में जोड़ने की मांग उठती है। अगर ऐसा होता है, तो मकान किराया भत्तासमेत दूसरे भत्ते भी खुद-ब-खुद बढ़ जाएंगे क्योंकि वे सीधे बेसिक सैलरी से जुड़े होते हैं। सबसे बड़ी राहत न्यूनतम वेतन को लेकर मिल सकती है; जानकारों का मानना है कि नए वेतन आयोग के तहत फिटमेंट फैक्टर के आधार पर न्यूनतम सैलरी 18,000 रुपये से बढ़कर सीधे 34,000 से 41,000 रुपये के बीच हो सकती है। यह बदलाव मध्यम वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार ला सकता है।

## जेल डीआईजी एसएस तिग्गा का प्रमोशन रद्द, अमित शांडिल्य को दी जाएगी पदोन्नति



**बिलासपुर,** 17 जनवरी (हाईवे चैनल)। हाई कोर्ट ने जेल विभाग से जुड़े मामले की सुनवाई में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि अमित शांडिल्य को डीआईजी जेल के पद पर पदोन्नति दी जाए. इसके साथ ही वरिष्ठता क्रम को नजर अंदाज कर डीआईजी जेल बनाए गए एसएस तिग्गा का प्रमोशन रद्द कर दिया गया है।

जेल विभाग में सुपरिंटेंडेंट जगदलपुर सेंट्रल जेल के पद पर कार्यरत अमित शांडिल्य ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. उन्होंने बताया था कि विभागीय पदोन्नति समिति की डीपीसी में उनकी वरिष्ठता और निर्धारित पात्रता के मापदंडों को दरकिनार कर दिया गया. वरिष्ठता सूची में उनका नाम पहले स्थान पर था, लेकिन उन्हें सुपर शीड करते हुए एसएस तिग्गा को डीआईजी जेल के पद पर प्रमोशन दे दिया गया. अमित शांडिल्य ने अपनी याचिका में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजी जेल, सीजी पीएससी और एसएस तिग्गा को पार्टी बनाया. सुनवाई जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में हुई. सुनवाई में अदालत ने पाया कि पदोन्नति प्रक्रिया में सेवन नियमों और वरिष्ठता के सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है, जिसके चलते डीआईजी के पद पर एसएस तिग्गा का प्रमोशन जायज नहीं है. वरिष्ठता क्रम में सीनियर रहे अमित शांडिल्य को डीआईजी बनाया जाए।

## बांके बिहारी कॉरिडोर पर लगी मुहर ! पहली रजिस्ट्री पूरी, 3 गोस्वामियों ने दी जमीन

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (न्यूज चैनल)। मथुरा की पावन नगरी वृंदावन में ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के भक्तों के लिए शुक्रवार का दिन विशेष महत्व लेकर आया। लंबे समय से प्रतीक्षित श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में अब ज़मीनी स्तर पर काम शुरू हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की पहली रजिस्ट्री पूरी होने के साथ ही कॉरिडोर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह कार्य उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से संभव हो सका। प्रशासनिक प्रक्रिया के पूर्ण होने से न केवल मंदिर परिसर के विकास को गति मिलेगी, बल्कि पूरे ब्रज क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक विस्तार को भी नई दिशा मिलेगी। कॉरिडोर निर्माण के तहत बिहारी पुरा क्षेत्र स्थित संपत्ति संख्या-25 के एक हिस्से (करीब 69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के नाम संपन्न कराई गई। इस पुनीत कार्य के लिए यति गोस्वामी, अभिलाष गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने स्वेच्छा से अपनी भूमि का विक्रय-विलेख निष्पादित किया। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह और अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा के प्रयासों से यह ऐतिहासिक रजिस्ट्री संभव हो पाई, जिसे कॉरिडोर परियोजना की पहली ठोस उपलब्धि माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार गठित इस उच्चस्तरीय समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार कर रहे हैं। समिति में प्रशासन, पुलिस, पुरातत्व विभाग और गोस्वामी समाज के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। योजना को अंतिम रूप देने से पहले गोस्वामियों, सेवायतों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों से लगातार संवाद किया गया, ताकि सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

## मनसे प्रमुख बोले- महाराष्ट्र-मराठी पहचान के लिए संघर्ष



**हार के बाद ठाकरे बंधुओं की आई प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (हाईवे चैनल)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव के बाद मराठी समाज और मराठी पहचान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिले, उनका संघर्ष मराठी भाषा, मराठी लोगों और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए हमेशा जारी रहेगा।

राज ठाकरे ने अपने संदेश में कहा सबसे पहले, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और शिवसेना के सभी निर्वाचित पार्षदों को हार्दिक बधाई। यह चुनाव आसान नहीं था। यह पैसों और सत्ता की ताकत के खिलाफ शिवशक्ति की जंग थी। फिर भी, हमारे कार्यकर्ताओं ने बेहतरीन संघर्ष किया। उनका यह योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

उन्होंने मनसे की कमी को स्वीकार किया, लेकिन जोर देते हुए कहा कि चुनाव हारने का मतलब यह नहीं कि हिम्मत हार जाए। निर्वाचित पार्षद मराठी लोगों के हितों की रक्षा करेंगे और अगर मराठी समाज के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है, तो उन्हें जवाब देंगे। राज ठाकरे ने आगे कहा हमारा संघर्ष मराठी लोगों, मराठी भाषा, मराठी पहचान और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए है। यह संघर्ष ही हमारी असल पहचान है। जो भी गलत हुआ, जो अधूरा रह गया, उसे मिलकर हम सुधारेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र में सत्ता में बैठे लोग और उनके समर्थक हमेशा मराठी लोगों को कमजोर करने की कोशिश करेंगे। ऐसे में मनसे और मराठी लोग एकजुट रहेंगे। उन्होंने संगठन और पार्टी को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया। राज ठाकरे ने संदेश समाप्त करते हुए कहा चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन हमारा हर सांस मराठी के लिए है। चलिए फिर से काम शुरू करें और पार्टी को नई दिशा में ले जाएं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने बीएमसी चुनावों में हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने साफ संदेश दिया कि महाराष्ट्र में राजनीतिक लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और यह तब तक जारी रहेगी जब तक मराठी समाज को उसका हक, अधिकार और सम्मान नहीं मिलता। शिवसेना (यूबीटी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है... यह तब तक चलती रहेगी जब तक मराठी व्यक्ति को उसका उचित सम्मान नहीं मिलता!

### ईरान से लौटे भारतीय नागरिकों ने क्या बड़ा खुलासा कर दिया

## प्रदर्शन, इंटरनेट बंद और डर का माहौल लेकिन मोदी हैं तो मुमकिन है...



**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (न्यूज चैनल)। ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के बीच, छात्रों और तीर्थयात्रियों सहित कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। ईरान में अस्थिरता को देखते हुए भारतीय सरकार द्वारा वहां मौजूद अपने नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह दिए जाने के बाद ये आगमन हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ईरान से लौटे एक भारतीय नागरिक ने स्थिति को बिगड़ता हुआ बताया और भारतीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, उन्होंने कहा कि वहां हालात खराब हैं। भारत सरकार बहुत सहयोग कर रही है और दूतावास ने हमें जल्द से जल्द ईरान छोड़ने के बारे में जानकारी दी। 'मोदी जी हैं तो हर चीज मुमकिन है। अधिकारियों ने बताया कि ईरान से भारतीयों को लेकर आने वाली पहली उड़ान, महान एयर की तेहरान से उड़ान संख्या ड्ड5-071, दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गई। लौटने वालों के परिवार टर्मिनल पर अपने रिश्तेदारों का स्वागत करने के लिए जमा हुए, जिनमें अशांति के कारण फंसे तीर्थयात्री भी शामिल थे।

CMYK